मंदिर स्थल से कुछ दूरी पर सड़क किनारे फैले कूड़े से श्रद्धालु हुए थे असहज, कई श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन से जताई आपत्ति, डीएम ने कहा होगी कार्रवाई

कैंची धाम में बिखरे कूड़े ने करा दी किरकिरी, कूड़ा प्रबंधन पर भी उठे सवाल

अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर कैंची धामक्षेत्र में बिखरा कूड़ा ● जागरण

संवाद सूत्र, जागरण, गरमपानी : विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में 15 जून को आयोजित भव्य मेले में सड़क किनारे बिखरे कूड़े ने किरकिरी करा दी। कूड़ा प्रबंधन का तात्कालिक इंतजाम न होने से काफी देर तक कूड़ा बिखरा रहा। इसकी वजह से श्रद्धालुओं को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। इसे लेकर कई श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन से शिकायत भी की है।

भवाली स्थित कैंची धाम के स्थापना दिवस के दिन हाईवे पर फारेस्ट बैरियर से कैंची क्षेत्र के बीच डिस्पोजेबल प्लेटें फैली हुई थी। विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने डीएम और कई जिम्मेदार अधिकारियों को शिकायत भी भेजी। प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह बिष्ट, मनीष तिवारी, गजेंद्र नेगी, प्रेम नाथ गोस्वामी, बिशन सिंह जंतवाल ने भी इसकी कड़ी निंदा की है। जब मामले ने तूल पकड़ा तो जिला पंचायत ने विशेष अभियान चलाकर कूड़े का निस्तारण कर दिया, लेकिन तब तक लोगों ने इस गंदगी का वीडियो बनाकर प्रसारित भी कर दिया था। श्रद्धालु सुमन तलवार ने भी डीएम को इसकी शिकायत भेजकर उचित कार्रवाई की मांग की है। जिला पंचायत के कर अधिकारी विजय बिष्ट के अनुसार बिखरे कूड़े का निस्तारण कर दिया गया था। मंदिर ट्रस्ट, पुलिस, प्रशासन व विभिन्न विभागों की संयुक्त बैठक में कहीं भी भंडारा न लगाने के स्पष्ट आदेश जारी हुए थे, इसके बावजूद कुछ लोगों ने इसका पालन नहीं किया।

फारेस्ट बैरियर से कैंची के बीच बड़े दायरे में फैला था कूड़ा

> भवाली से कैंची के बीच भंडारे नहीं लगे। कूड़ा रेस्टोरेंट में फेंका गया था। यह मामला धाम से काफी आगे का है। इस मामले में वीडियो के आधार पर जांच की जा रही और कूड़ा फैलाने वाले पर कार्रवाई भी होगी। हमने कूड़ा प्रबंधन के नगर आयुक्त को जिम्मेदारी दी थी। साथ ही नगर पालिका से लेकर पंचायत को भी कूड़े का तत्काल निस्तारण किए जाने के निर्देश थे। वैसे मेले में आए श्रद्धालु सफाई समेत अन्य सभी व्यवस्थाओं की प्रशंसा करके गए।
>
> **-ललित मोहन रयाल, डीएम नैनीताल।**

जिला प्रभारी मंत्री खजान दास आज से नैनीताल में

जागरण संवाददाता, नैनीताल: समाज कल्याण व जिला प्रभारी मंत्री खजान दास गुरुवार की दोपहर 3:30 बजे नैनीताल पहुचेंगे। रात्रि विश्राम नैनीताल क्लब में करेंगे। 19 जून को सुबह 10:30 बजे नैनीताल क्लब में प्रेस वार्ता के बाद दोपहर 12:45 बजे बेतालघाट ब्लाक में जनसंवाद, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं संग बैठक करेंगे। 20 को सुबह नैनीताल से प्रस्थान कर 11 बजे धारी में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं संग बैठक करेंगे। अपराह्न तीन बजे से ब्लाक भीमताल में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों संग समीक्षा बैठक करेंगे।

सार-संक्षेप

कंपोस्ट प्लांट 15 दिन में खाद बनाने को होगा विकसित

जागरण संवाददाता, हल्द्वानी : नगर निगम शहर के कचरे से खाद बना रहा है। इसके लिए गौला रोखड़ में कंपोस्ट प्लांट स्थापित किया गया है। प्लांट लगाने के बाद 45 दिन में 100 किलो कंपोस्ट बनाई गई है। निगम की अनुबंधित कंपनी खाद को बाजार में बेचने की तैयारी कर रहा है। वहीं, प्लांट से खाद बनाने में लगने वाले समय में को 10 से 15 दिन तक लाने की योजना बनाई जा रही है। जिससे अधिक से अधिक जैविक कूड़े से कंपोस्ट बनाई जा सकेगी। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि कानपुर की एलसीबी फर्टिलाइजर कंपनी के साथ अनुबंध किया गया है। गौला रोखड़ में स्थापित प्लांट का संचालन संबंधित कंपनी के साथ मिलकर ही किया जा रहा है। इसमें तकनीकी सहयोग आइआइटी कानपुर के विज्ञानियों की ओर से प्रदान किया जा रहा है।

जहर खाने से विधायक के सहयोगी सोनू पांडे का निधन

संवाद सहयोगी, जागरण लालकुआं: विधायक डा. मोहन बिष्ट के निकटतम सहयोगी एवं वरिष्ठ समाजसेवी सोनू पांडे का निधन हो गया। बिंदुखत्ता के इंदिरा नगर निवासी सोनू पांडे (30) की बुधवार दोपहर अचानक तबीयत बिगड़गई। उन्हें हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान देर शाम उनका निधन हो गया। सूत्रों के अनुसार उन्होंने अज्ञात कारणों से किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालांकि मामले के वास्तविक कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है। उल्लेखनीय है कि सोनू पांडे पिछले लगभग 15 वर्षों से विधायक डा. मोहन बिष्ट के साथ जुड़ेहुए थे और उनके प्रमुख सहयोगियों में गिने जाते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

टैंकर घटाकर बढ़ाई जलापूर्ति, आज ठीक हो जाएगा नलकूप

जागरण संवाददाता, हल्द्वानी: महिला डिग्री कालेज के आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को गौला की लाइन से जलापूर्ति बढ़ा दी गई, ताकि लोगों को नल से पानी मिल सके। साथ ही पेयजल वितरण के लिए लगाए गए टैंकर की संख्या घटा दी गई है। दरअसल रविवार को खराब हुए नलकूप के कारण कलावती कालोनी, तिकोनिया, आनंदपुरी, निवारण नगर, हीरा विहार, खोलिया कंपाउंड, नवाबी रोड की कालोनियों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित है, जिससे लगभग चार हजार की आबादी को जूझना पड़ रहा है। ऐसे में अब तक जल संस्थान की ओर से क्षेत्र में तीन टैंकरों से पेयजल आपूर्ति की जा रही थी। बुधवार को एक टैंकर से पेयजल वितरण किया गया। जल संस्थान के सहायक अभियंता रविंद्र कुमार ने बताया कि नलकूप की मरम्मत जारी है।

स्टंट डालने के दौरान वृद्ध की मृत्यु, लापरवाही का आरोप

शहर के निजी अस्पताल में वृद्ध की मौत के बाद स्वजन को समझाते लोग● जागरण

जागरण संवाददाता, हल्द्वानी : बागेश्वर निवासी 64 वर्षीय बुजुर्ग की शहर के एक निजी अस्पताल में हृदय की नसों में स्टंट डालने की प्रक्रिया के दौरान मौत हो गई। स्वजन ने अस्पताल परिसर में हंगामा काटा और अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। बागेश्वर निवासी प्रेम गिरी को सीने में दर्द की शिकायत के बाद पहले जिला अस्पताल बागेश्वर ले जाया गया था। दस्तावेजों के अनुसार मरीज को बुधवार की सुबह रामपुर रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में हृदय की तीन प्रमुख धमनियों में गंभीर रुकावट पाई गई, जिसके बाद एंजियोग्राफी और स्टंट डालने की प्रक्रिया की गई। अस्पताल की ओर से जारी डेथ समरी में बताया गया कि उपचार के बाद शाम करीब सात बजे मरीज का रक्तचाप और हृदय गति तेजी से कम होने लगी। डाक्टरों ने सीपीआर व आवश्यक आपातकालीन प्रयास किए, लेकिन मरीज को बचाया नहीं जा सका और शाम आठ बजे मृत घोषित कर दिया गया।

लालकुआं में 54 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

संस, जागरण लालकुआं: लालकुआं पुलिस ने 54 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया है। कोतवाल बृजमोहन सिंह राणा के निर्देश हल्दूचौड़ चौकी पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान सागर स्टोन क्रशर, देवरामपुर हल्दूचौड़ क्षेत्र से राजेश सिंह दानू उर्फ मामा पुत्र विशन सिंह दानू, निवासी इंदिरा नगर प्रथम, बिंदुखत्ता के पास से अवैध शराब के 54 पव्वे मिले। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है। टीम में चौकी प्रभारी हल्दूचौड़ उप निरीक्षक अर्जुन गिरी, कांस्टेबल कुबेर सिंह एवं कांस्टेबल गुरमेज सिंह शामिल रहे।

दो दिन में वेतन नहीं मिला, तो एसटीएच में होगा कार्य बहिष्कार

जागरण संवाददाता, हल्द्वानी : राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी व संबद्ध डा. सुशीला तिवारी अस्पताल में कार्यरत 650 उपनल कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिला है। इससे आक्रोशित कर्मचारियों ने बुधवार को प्राचार्य का घेराव किया। इस दौरान उपनल कर्मियों ने बताया कि वेतन न मिलने से उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। धन न होने से वह अपने बच्चों की स्कूल फीस तक जमा नहीं कर पा रहे हैं। साथ ही दैनिक घरेलू खर्च उठाना भी काफी मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने सख्त चेतावनी दी है कि यदि दो दिन के भीतर उनका लंबित वेतन जारी नहीं किया जाता है, तो वह पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी कालेज प्रबंधन की होगी। मौके पर उपनल महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रताप बोरा, मोहन रावत, चंदू कफलटिया, नरेश रौतेला, कैलाश आर्य, माया जोशी, डुंगर भटियाली आदि बड़ी संख्या में उपनल कर्मी मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर भट्ट को सैन्य सम्मान से दी अंतिम विदाई

जागरण संवाददाता, हल्द्वानी: सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) से सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर देवकी नंदन भट्ट (78) का निधन हो गया है। बुधवार को रानीबाग चित्रशिला घाट में सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई। उनके निधन से पूर्व केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल कार्मिकों और परिचितों में शोक की लहर रही। जानकारी के अनुसार देवकी नंदन भट्ट का जन्म 15 अक्टूबर 1948 को हुआ था। वर्ष 1968 में वह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में भर्ती हुए थे और 31 दिसंबर 2001 को 140वीं बटालियन बीएसएफ से सेवानिवृत्त हुए। बीते मंगलवार की रात करीब आठ बजे उन्होंने अपने निवास गौजाजाली तीनपानी बाईपास रोड हल्द्वानी में अंतिम सांस ली। बुधवार को रानीबाग चित्रशिला घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में करीब 34 वाहनों का काफिला शामिल रहा, जिसमें 12 जवान अपने शस्त्रों के साथ पहुंचे।

वाहनों का झाम, चौतरफा जाम

सुबह 11:30 बजे के बाद बिगड़ी व्यवस्था, आवागमन में हुई परेशानी

जागरण संवाददाता, हल्द्वानी: कैंची धाम के लिए लागू विशेष रूट प्लान समाप्त होते ही बुधवार को हल्द्वानी शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ गई। सुबह करीब साढ़े ग्यारह बाद वाहनों का दबाव अचानक बढ़ने से शहर के कई हिस्सों में चौतरफा जाम लग गया। चिलचिलाती धूप और उमस के बीच जाम में फंसे लोगों के पसीने छूट गए।

बुधवार को सुबह यातायात सामान्य था। अचानक साढ़े ग्यारह बाद तिकोनिया चौराहे से मुख्य बाजार, नैनीताल रोड, कालाढूंगी रोड, बरेली रोड समेत शहर की कई आंतरिक सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई स्थानों पर दोपहिया और चौपहिया वाहन लंबे समय तक रेंगते रहे। जाम के कारण लोगों को सामान्य दिनों की तुलना में कहीं अधिक समय तक सफर करना पड़ा। चटक धूप के बीच जाम में फंसे लोगों के पसीने छूट गए। नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और मरीजों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच एम्बुलेंस और खुद पुलिस के वाहन भी जाम में हूटर बजाते रहे। इस बीच कई प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल कम दिखाई दिया, जिससे यातायात नियंत्रण प्रभावित हुआ। देखा जाए तो कैंची धाम का मेला निपटाने के बाद अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पहुंचे पुलिस अधिकारी भी पर्यटक वाहनों की स्थिति भाप नहीं पाए। इसके में अधिकतर वाहन दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश समेत कई अन्य राज्यों के थे।

- तिकोनिया से मुख्य बाजार व आंतरिक सड़कों में लगी वाहनों की लंबी कतार
- अचानक बढ़े ट्रैफिक से पुलिस और यातायात व्यवस्था पर बढ़ा दबाव

बुधवार को तिकोनिया चौराहे से बाजार तक जाम की स्थिति बनी रही ● जागरण

जाम को देख किया रूट डायवर्जन

एक दिन पहले तक व्यवस्थाओं को बेहतर और सुचारु बताने वाली पुलिस के सामने अचानक बढ़े वाहनों का दबाव चुनौती बन गया। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस और यातायात विभाग ने काठगोदाम, बरेली रोड और कालाढूंगी रोड से वाहनों के संचालन और डायवर्जन कर दिया। करीब दो से ढाई घंटे के बाद यातायात सामान्य स्थिति में आ सका।

> अचानक वाहनों का दबाव बढ़ने से जाम की स्थिति हो गई थी। वाहनों की भीड़ को देखते हुए डायवर्जन किया गया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी। **- अमित कुमार सैनी, सीओ हल्द्वानी**

एनएच पर पुलिया निर्माण कार्य से पूरे रामनगर का ट्रैफिक हुआ जाम

जागरण संवाददाता, रामनगर: राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिया निर्माण की वजह से शहर में घंटों जाम लग गया। हाल यह रहा कि सौ मीटर की दूरी तय करने में करीब एक घंटा लग गया। शहर में ट्रैफिक जाम होने लगा, तो लोग पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को फोन घनघनाने लगे। एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए एनएच के अधिकारियों को फोन कर तत्काल कार्य रुकवा दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग हल्द्वानी की ओर से लोनिवि के समीप जंगल के पानी की निकासी के लिए अंडरग्राउंड पुलिया का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क के एक साइड में बुलडोजर से गड्ढा किया गया। चूंकि यह कुमाऊं-गढ़वाल को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है।

भगत दा का जीवन राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण : गजराज

जागरण, संवाददाता हल्द्वानी : पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री पद्म भूषण भगत सिंह कोश्यारी के जन्मदिन पर महापौर गजराज सिंह बिष्ट की ओर से कालाढूंगी विधानसभा के कठघरिया चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने प्रसाद ग्रहण किया और कोश्यारी के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की। गजराज बिष्ट ने कहा कि भगत दा का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, जनसेवा और सादगी का अनुपम उदाहरण है। उत्तराखंड के विकास के लिए उनकी सोच सदैव समाज को प्रेरित करती रहेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य डा. छवि कांडपाल, ग्राम प्रधान दिनेश जोशी, ग्राम प्रधान मनीष भट्ट, क्षेत्र पंचायत सदस्य राधा सुयाल, पार्षद मनोज भट्ट, प्रमोद बोरा, कमलनयन जोशी, महेश शर्मा, नवीन भट्ट रहे। भगत सिंह कोश्यारी जन्मदिवस समारोह समिति ने कुष्ठ आश्रम राजपुरा और विरासत वृद्ध आश्रम में फल वितरण किया गया। यहां मदन मोहन जोशी, नरेश खुल्बे, शशि सिंह, जसनीत सिंह, सुमन पाठक रहे।

पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी के जन्म दिवस पर निगम की ओर से आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते मेयर ● जागरण

मरीजों को फल बांटे

जागरण संवाददाता, नैनीताल : पद्म विभूषण पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बीडी पांडे चिकित्सालय में मरीजों एवं तीमारदारों को फल वितरण कर सेवा कार्य किया। इस दौरान मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक सरिता आर्या ने कहा कि जननायक कोश्यारी का जीवन सादगी, सेवा, राष्ट्रभक्ति एवं जनकल्याण के प्रति समर्पण का प्रेरणास्रोत है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा, महिला आयोग सदस्य विमला अधिकारी, जिला उपाध्यक्ष दयाकिशन पोखरिया, मनोज जोशी, जीवंती भट्ट, आनंद बिष्ट, प्रकाश आर्य आदि मौजूद रहे।

खुले में मांस बेचने और गंदगी फैलाने पर निगम ने किए चालान

जागरण संवाददाता, हल्द्वानी : नगर निगम की टीम ने बुधवार शाम राजपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण और गंदगी करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया। खुले में मांस बेचने और गंदगी फैलाने वालों को नौ लोगों फटकार लगाने के साथ ही 28 हजार रुपये चालान वसूला गया। नगर आयुक्त परितोष वर्मा के नेतृत्व में पहुंची टीम ने घर और दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया। साथ ही अवैध तरीके से लगाए गए ठेले और टीन शेड जब्त किए गए। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि राजपुरा रेलवे क्रासिंग से लेकर श्मशान घाट तक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मीट की छह दुकानों पर खुले में मांस बिकता हुआ पाया गया। साथ ही नौ दुकानों में गंदगी मिली। जिसमें से एक मीट कारोबारी नाली में खून बहाता मिला। जबकि, एक गंदे पानी को खुले में फेंक रहा था। ऐसे में सभी के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

वन्यजीव संघर्ष से निपटने के लिए लोकेशन चिप लगाने की मांग

जागरण संवाददाता, हल्द्वानी: उत्तराखंड में मानव-वन्यजीव संघर्ष से निपटने के लिए लोकेशन चिप लगाने की मांग पर मुख्य वन संरक्षक ने संज्ञान लिया है। पिछले महीने अल्मोड़ा के मसड़ियाबाज, सल्ट के भगत सिंह तड़ियाल ने पत्र लिखकर मांग की थी कि मानव जीवन की सुरक्षा के लिए हिंसक वन्यजीवों पर लोकेशन टेक्नोलाजी चिप लगाई जाए। मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) कुमाऊं डा. तेजस्विनी अरविंद पाटिल ने मंडल के सभी वन संरक्षकों को इस विषय पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। भगत सिंह का मानना है कि इस तकनीक से भविष्य में मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में बड़ी मदद मिल सकती है।

पुणे की युवती ने युवक पर लगाया शोषण का आरोप

जागरण संवाददाता, नैनीताल: महाराष्ट्र की युवती ने शहर के समीपवर्ती खुर्पाताल क्षेत्र में रहने वाले एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़ित युवती की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुणे महाराष्ट्र निवासी युवती ने तहरीर में कहा कि पिछले साल नवंबर में उसके दिल्ली के एक दोस्त ने बाजपुर ऊधम सिंह नगर निवासी युवक से वैदिक ज्योतिष के रूप में पहचान कराई थी। फोन पर बात करने के बाद उसने ध्यान टूर के लिए 55 हजार रुपये का भी युवक को आनलाइन भुगतान किया। युवक दिल्ली से उसे नैनीताल के खुर्पाताल स्थित ध्यान केंद्र ले आया, जहां एक दिन उसे शराब पिलाकर व शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद भी कई बार युवक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। बाद में वह खुर्पाताल में ही युवक संग फ्लैट पर रहने लगी। बाद में युवक ने फोन पर पहले से शादीशुदा होने की बात बताई, जिसके बाद वह लौट गई। बाद में पुलिस से शिकायत करने पर उसने पत्नी को तलाक देकर शादी करने का भरोसा दिया, जिस पर उसने शिकायत वापस ले ली। लेकिन इसके बाद वह फोन पर धमकाने लगा। कोतवाल राजेंद्र रावत ने बताया कि शिकायत पर आरोपित हेमंत रैना मूल पिपलिया सुल्तानपुर पट्टी, बाजपुर ऊधम सिंह नगर निवासी तथा हाल निवासी खुर्पाताल के विरुद्ध केस मुकदमा कर लिया है।



17वीं पुण्यतिथि

श्रीमती जानकी पन्त

(1918-2009)

नास्ति मातृसमा छाया, नास्ति मातृसमा गतिः।
नास्ति मातृसमं त्राणं, नास्ति मातृसमा प्रिया।।

विजय राघव पन्त
स्मृति व गजेन्द्र प्रताप
अन्विता

ऋण वसूली ट्रिब्यूनल, देहरादून
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, विशेष सेवा विभाग
द्वितीय तल, पारस टॉवर, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड-248171

प्रकाशन नोटिस
ओ०ए० संख्या 561/2025
ऋण वसूली एवं दिवालियापन अधिनियम, 1993 के सेक्शन 19 के सब-सेक्शन (4) सपठित उप नियम (2ए) के नियम 5 समय-समय पर संशोधित ऋण वसूली ट्रिब्यूनल (प्रोसीजर) नियम 1993 के अधीन उपस्थित होने की सूचना

डीवाई. संख्या 523/2026 दिनांक: 18.05.2026

पंजाब एंड सिंध बैंक बनाम श्री परमजीत कौर एंड अन्य।

1. जागीर सिंह पुत्र श्री प्रीतम सिंह निवासी 574, गांधी कॉलोनी, वार्ड नं0 10, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर- 263153

जबकि उपरोक्त आवेदक बैंक ने आपके विरुद्ध 28,25,023.19/- रुपए के ऋण की वसूली के लिए ओए संख्या 561/2025 स्थापित किया है, जिसमें माननीय न्यायाधिकरण ने ऋण वसूली एवं दिवालियापन अधिनियम, 1993 की धारा 19(4) के अन्तर्गत सम्मन/नोटिस जारी किया है तथा दिनांक 11.06.2026 को माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष सूचीबद्ध किया गया है।

यह कि, माननीय ट्रिब्यूनल इस बात से सन्तुष्ट है कि सामान्य तरीके से मांग नोटिस जारी किया जाना संभव नहीं है, इसलिए इस प्रकाशन के जरिये दी जा रही सूचना के द्वारा आपको निर्देशित किया जाता है कि आप दि0 27.07.2026 को पूर्वाह्न 10:30 बजे अथवा इससे पूर्व आप स्वयं व्यक्तिगत रुप से अथवा अपने अधिकृत एजेण्ट या लीगल प्रैक्टिशनर के माध्यम से माननीय ट्रिब्यूनल में उपस्थित हों। इसके अलावा, आपको यह दिखाने की आवश्यकता है कि ओ०ए० में दी गई राहत की अनुमति क्यों नहीं दी जानी चाहिए और सेट में एक पेपर बुक फॉर्म में अपने बचाव में और यदि कोई हो, तो सभी दस्तावेजों और शपथ पत्रों के तहत अपने बचाव में दायर करें। व्यक्तिगत रूप से या इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर, इस ट्रिब्यूनल में व्यक्तिगत रूप से या आपके विधिवत अधिकृत एजेंट या कानूनी व्यवसायी के माध्यम से सेट ऑफ, काउंटर क्लेम के लिए आपका बचाव या दावा प्रस्तुत करें।

सूचित हों कि निर्धारित दिवस एवं समय पर ट्रिब्यूनल में आपकी उपस्थिति की चूक की दशा में इस प्रकरण पर सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

दिनांक 18 मई, 2026 के दिन अधिकरण की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी।

ट्रिब्यूनल के आदेशानुसार
रजिस्ट्रार,
ऋण वसूली ट्रिब्यूनल, देहरादून

अग्रवाल क्लीनिक एवं नर्सिंग होम
NABH Certified Hospital
(16 वर्षों से आपके विश्वास के साथ)

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. रजनी अग्रवाल
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(Obs Gynae)

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है

गर्भाशय व अण्डाशय लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के फायदे
- कम रक्तस्राव
- कम दर्द
- जल्दी रिकवरी
- कोई निशान नहीं

लैप्रोस्कोपिक ओवेरियन सिस्टेक्टॉमी
- ओवरी की सिस्ट की सर्जरी
- गर्भाशय की गांठ व रसौली की जांच व ऑपरेशन
- बिना गर्भाशय हटाये रसौली का ऑपरेशन

इम्पैनलमेंट All Medical Health Insurance Cash-Less इलाज की सुविधा

हैल्पलाईन नं. 9012775790 9997260621
TPA हैल्पलाईन नं. 8650515678
महेश नगर, नवाबी रोड, हल्द्वानी Ph. 05946-283334

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
शाखा : क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, प्रथम तल क्षेत्रीय कार्यालय, रुद्रपुर, गाबा चौक के पास, काशीपुर रोड, रुद्रपुर- 263153
ई-नीलामी सूचना

चल/अचल संपत्तियों की नीलामी सूचना "परिशिष्ट IV-A" नियम 6(2) एवं 9(1) देखें

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुन: निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सुरक्षा अधिनियम (पवर्तन) 2002 के साथ पठित नियम 6(2) एवं 9(1) के अधीन बैंक को बंधक रखी चल/अचल संपत्तियों की ई-नीलामी

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी एवं जमानतदार को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित संपत्ति बैंक ऑफ बडौदा के पास बंधक है एवं जिसका कब्जा बैंक के संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, खर्चे एवं कीमत इत्यादि सहित वसूलने हेतु निम्न शर्तो एवं नियमों के अंतर्गत ई-नीलामी द्वारा विक्रय की जा रही है। निम्न वर्णित संपत्तियां "जहां है जैसी है एवं जो है जैसी है" के आधार पर ई-नीलामी के द्वारा विक्रय की जायेंगी। बकाएदार/जमानतदार/सम्पत्ति/यों का विवरण/बकाया धनराशि/रिजर्व प्राईज/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, आरक्षित मूल्य एवं न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है :-

क्र. सं.	ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	चल/अचल सम्पत्ति का विवरण	रिजर्व प्राईज	दिनांक एवं ई-नीलामी के प्रारम्भ का समय	मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि / बकाया धनराशि
2.	1. मैसर्स सम्राट एंटरप्राइजेज, द्वारा इसके प्रोपराइटर श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल, प्लॉट नं. 8/1, हिमालयन फूड पार्क, महुआखेड़ा, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 2. श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल (प्रोपराइटर मैसर्स सम्राट एंटरप्राइजेज), पता- प्लॉट नं. 8/1, हिमालयन फूड पार्क, महुआखेड़ा, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 3. श्रीमती राजबाला अग्रवाल पत्नी श्री राकेश अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 4. श्री सौरभ अग्रवाल पुत्र श्री राकेश कुमार अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 5. श्रीमती दिशा अग्रवाल पत्नी श्री गौरव अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 6. श्रीमती दीप्ति अग्रवाल पत्नी श्री सौरभ अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 7. श्री संजीव अग्रवाल पुत्र एमआर शंकर लाल (जमानती) पता- हाउस नं. 24 बी/2, आदर्श कॉलोनी, सिविल लाइन्स, रामपुर, उत्तर प्रदेश-244901 8. श्री मोहम्मद अली पुत्र श्री मोहब्बे अली (जमानती), पता-मोहल्ला अल्लीखां, वार्ड नंबर 10, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713	बंधक अचल सम्पत्ति (भूमि व भवन) के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा सं. 304, 305, प्लॉट सं. 8/1 महुआखेड़ा गंज, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर में स्थित है। क्षेत्रफल 21520 वर्ग फुट या 2000 वर्ग मीटर। सम्पत्ति श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल के नाम पर विधिवत पंजीकृत है (लीज डीड सीरियल सं. 6348, दिनांक 01.09.2017 को हिमालयन फूड पार्क द्वारा श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल के पक्ष में जारी की गई है)। सीमायें (लीज डीड के अनुसार)-पूरब में दूसरों के प्लॉट, पश्चिम में दूसरों के प्लॉट, उत्तर में 15 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण में चक रोड।	₹ 2,03,15,000.00 ईएमडी ₹ 20,31,500.00 न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि ₹ 25,000.00 नियम एवं शर्तों के लिए कृपया इस क्यू आर को स्कैन करें	07.07.2026 अपरान्ह 12:00 से सायं 05:00 कब्जे का प्रकार भौतिक कब्जा	05.01.2024 / 20.05.2024 / ₹ 3,59,39,936.00 (रुपये तीन करोड़ उनसठ लाख उनतालीस हजार नौ सौ छत्तीस मात्र) + ₹ 14,73,943.15 (रुपये चौदह लाख तिहत्तर हजार नौ सौ तिरालिस एवं पैसे पंद्रह मात्र) (अप्राप्त ब्याज) + अप्रयुक्त ब्याज + कानूनी शुल्क + अन्य शुल्क एवं ब्याज 26.12.2023 से प्रभावी

विक्रय के निबन्धन और शर्तो के ब्यौरे के लिए कृपया हमारी वेबसाईट https://www.bankofbaroda.in/e-auction.html एवं https://baanknet.com देखें। भावी बोली दाता प्राधिकृत अधिकारी, मो0-8477000519, 8477009621 से भी सम्पर्क कर सकते हैं। नोट : किसी भी त्रुटि या विवाद की स्थिति में इस नीलामी नोटिस का अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया दिनांक 18.06.2026 को प्रकाशित नोटिस मान्य होगा।

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय : 01.07.2026 को अपरान्ह 12 बजे से सायं 05:00 बजे तक

सरफासी ऐक्ट, 2002 के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का कानूनी नोटिस

एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटरों को अधिसूचित किया जाता है कि ये उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चो सहित नीलामी की तिथि